**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 08 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है। पहले अनदेखी का शिकार लोगों को सशक्त बनाया है और वित्तीय सहायता के साथ आगे बढ़ने का अवसर दिया है।प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना के लाभार्थियों में से पचास प्रतिशत अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों से हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना ने वित्तीय समावेश के साथ साथ सामाजिक समावेश और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की है।

************************************************************************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने निवास पर इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उनमें आत्मविश्वास पैदा करना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

श्री मोदी ने कहा-

इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को अपने उद्यमिता अनुभव सुनाए।श्री मोदी ने कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके।उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपने उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। इस योजना के तहत देश भर में बिना किसी गारंटी के 33 लाख करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया है।

************************************************************************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मना रहा है, जो देशभर में कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा चार मुख्य विषयों पर केंद्रित है। जिसमे जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान

देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन, और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल है। पोषण अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरी लड़कियों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को सुधारना है। इसके आरंभ से अब तक छ:पोषण पखवाड़े आयोजित किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय पोषण मिशन में जागरूकता और समुदाय की भागीदारी बढ़ी है।

*****************************************************************************

भारतीय जनतापार्टी 10 अप्रैल से 12 तक प्रदेश भर में गांव व बस्ती चलो अभियान चलाएगी।इस दौरान शहरों की प्रमुख बस्तियों और प्रदेश के सभी गांव में जनता से सीधा संवादकिया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने यह जानकारी देते हुए बतायाकि 14 अप्रैल को प्रदेश भर में जहां पर भी संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकरकी प्रतिमाएं हैं, वहां पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। आज व कल प्रदेश में 377 मंडलों की कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है औरसभी 90 विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन करवाए जाएंगे। मोहन लाल बड़ौलीने बताया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के दौरे पर आएंगे। वहसर्वप्रथम हिसार में जनसभा को संबोधित करेंगे । इसके बाद हिसार हवाई अड्डे काशुभारंभ करेंगे। इसी दिन दोपहर के समय प्रधानमंत्री यमुनानगर में ऊर्जा संयंत्र कीएक और युनिट की आधारशिला रखेंगे।

****************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने सम्बद्धता प्राप्त सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं व 10वीं में त्रि-भाषा सूत्र लागू करने का निर्णय लिया है। शैक्षिक सत्र 2025-26 से 9 वीं और 2026-27 से 10 वीं कक्षा में यह फैसला लागू होगा । बोर्ड के अध्यक्ष प्रो० (डॉ०) पवन कुमार ने आज एक पत्रकार वार्ता में बनाया बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को छह अनिवार्य और एक वैकल्पिक विषय सहित सात विषय पढ़ने होंगे।उन्होंने आगे बताया कि कक्षा नौवीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के लिए पूर्व में लागू दो अनिवार्य भाषा हिन्दी व अंग्रेजी के अतिरिक्त तृतीय भाषा के रूप में संस्कृत, उर्दू या पंजाबी में से किसी एक भाषा का अनिवार्य भाषा के रूप में चयन करना आवश्यक होगा। इस प्रकार अब विद्यार्थियों को छ: अनिवार्य विषयों एवं एक वैकल्पिक विषय सहित कुल सात विषयों का अध्ययन करना होगा। वहीं अगले शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भी एक अतिरिक्त अनिवार्य विषय की पढ़ाई करनी होगी।

उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संदर्भ में आधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है।